# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# जखोल गांव में पंचायत भवन सहित ट्रेकिंग मार्ग के सुधारीकरण की घोषणा

घोषणा

## पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बिशू मेले में की शिरकत

संवाददाता

पुरोला। मोरी विकासखण्ड के जखोल में चल रहे बिशू मेले के दूसरे दिन जखोल पँहुचे प्रदेश के पर्यटन,लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज व उनके साथ आई पुत्र बधू आराध्या रावत का ग्रामीणों ने पारम्परिक रीति–रिवाज,ढोल–बाजों व उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पाए जाने वाली सुगन्धित केदारपात्री की मालाओं से स्वागत किया।

कार्यक्रम में पँहुचे सतपाल महाराज ने सांस्कृतिक धरोहर स्थानीय मेलों के संरक्षण की सराहना करते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध हरकीदून,केदारकांठा, चागंसील समेत क्षेत्र के पुष्टारा,मानिरा बुग्यालों को पर्यटन के रूप में पहचान दिलानें में पर्यटन विभाग तथा स्थानीय युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। सूबे के पर्यटन व लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि गत



कुछ वर्षों से मोरी क्षेत्र ने पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में विशिष्ट स्थान बनाया है।आज देशी–विदेशी पर्यटकों का विश्व प्रसिद्ध हरकीदून, केदार कांठा,चागंसील मानिरा,पुष्टारा आदि बुग्याल सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थल बन गए हैं।

महाराज ने कहा कि सरकार प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करनें को निरन्तर प्रयास करनें में जुटी है,क्षेत्र के युवाओं को, आने वाले पर्यटकों के साथ आथित्य सत्कार, मेहमान नवाजी के साथ कुशल व्यवहार कर होमस्टे को सौहार्द पूर्ण सहयोग देने की अपील। साथ ही पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए ट्रैकिंग मार्गों का सुधारीकरण करने व जखोल में एक पंचायत भवन बनाने की भी घोषणा की वहीं उनके साथ मेले में शिरकत करनें आई उनकी पुत्र बधू आराध्या रावत ने यंहा की पारम्परिक संस्कृति,रीतिरिवाजों को लेकर महिलाओं की खूब सराहना कर बेटियों को हर क्षेत्र में प्रोतसाहन देने की अपील की। इस मौके पर विधायक दुर्गेश्वर लाल ने काबीना मंत्री का स्वागत सत्कार कर क्षेत्र की सुंदर प्राकृतिक धरोहर को पर्यटन से स्वरोजगार की दिशा में विकास की मांग की।

कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश्वर लाल सहित देवक्यारा पर्यटन समिति अध्यक्ष गंगा सिंह रावत,जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह रावत,ग्राम प्रधान विनोद,क्षेत्र पं संजय रावत,सूरज सिंह रावत,दर्शनसिंह रावत,गुलाब सिंह, अजीत पाल सिंह,प्रमुख बचन पंवार,सोवेंद्र सिंह,रामलाल विश्वकर्माधाम सिंह रावत, सत्यवान रावत आदि प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### दून में पुलिस ने पांच चोरियों का किया पर्दाफाश, फरार आरोपित गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। राजपुर थाना पुलिस ने पांच चोरियों का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से 20 लाख रुपये के गहने बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अपराध विशाखा भदाने ने बताया कि आरोपित बेहट सहारनपुर निवासी एहसान ने अपने दो अन्य साथियों निसार अली और नासिर के साथ मिलकर डालनवाला क्लेमेंटाउन राजपुर क्षेत्र में चोरी की पांच घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने 15 अगस्त 2021 को आरोपित निसार अली और नासिर को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एहसान लगातार फरार चल रहा था। पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने दंपती सहित तीन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

### सिद्धबली मंदिर में बाबा के दर्शन को उमड़ा भक्तों का हुजूम, लिया आशीर्वाद

**संवाददाता** कोटद्वार (पौड़ी)। हनुमान जन्मोत्सव पर श्री सिद्धबली मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर अपने परिवार के लिए सुख–शांति की कामना की। इस दौरान मंदिर में सुंदर कांड पाठ के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया था। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए मंदिर परिसर में पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई थी। शनिवार सुबह मंत्रोच्चार के साथ श्री सिद्धबली बाबा की विशेष पूजा–अर्चना की गई। इसके उपरांत मंदिर समिति की ओर से सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। दयाशंकर फुलारा ने अपनी टीम के साथ सुंदर कांड का पाठ किया। श्रद्धालुओं ने भी सुंदर कांड पाठ में भागीदारी की।

### द टी फैक्ट्री ने दून में किया अपने पहले फ्रेंचाइजी आउटलेट का शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। भारत समेत सऊदी, यूएई, नेपाल जैसे दुनियाभर के 9 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली चाय कैफे फ्रेंचाइजी द टी फैक्ट्री ने शनिवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में अपनी 161वीं फ्रेंचाइजी की शुरुआत की है। मसूरी रोड, बगेल गांव में खुले इस नए चाय कैफे कांसेप्ट के साथ शहर के फूड लवर्स की लिस्ट में एक और नाम शामिल हो गया है। वहीं इस नए आउटलेट के साथ द टी फैक्ट्री, पर्यटन की दृष्टि से मशहूर देहरादून में देसी–विदेशी सैलानियों के लिए एक नया बेंचमार्क सेट करने जा रहा है। जहां उन्हें रेडी टू ईट और फ्रेश फूड एन्ड बेवरेज का लुफ्त उठाने का मौका मिलेगा। जम्मू, बैंगलोर, हरिद्वार, होशंगाबाद, भरूच, मोहाली, और बीकानेर जैसे शहरों के बाद अब देहरादून भी चाय का नया ट्रेंड देखने को मिलेगा।

# आत्मनिर्भर हो रहा भारत, कोविड काल में 75 देशों को दिया वैक्सीन

**संवाददाता** रुद्रपुर। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर पहुंचे केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पोलियो वैक्सीन बनाने में करीब 35 साल लग गए थे। ऐसा नहीं कि उस समय वैज्ञानिक नहीं थे। कमी थी तो बस राजनैतिक इच्छाशक्ति की।

कोराना महामारी के दौरान जब विश्व इसके प्रकोप से जूझ रहा था तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बहुत ही कम समय में कोरोनारोधी वैक्सीन तैयार कर ली गई। यह भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी। भारत ने दुनिया के 75 देशों को कोविड वैक्सीन दिया है।

कहा कि हर संकट के समय भारत को दुनिया के सामने हाथ फैलाना पड़ रहा था। कोरोना वैक्सीन निर्माण में पूर्व की सरकारों जैसा ढुलमुल रवैया रहता तो हम पर संकट अधिक रहता, क्योंकि हमारी जनसंख्या अधिक है। पर मोदी सरकार में दूसरे देशों पर निर्भर न रहने की पालिसी अपनाई गई है। आत्मनिर्भर भारत उसी अभियान का हिस्सा है। भारत हर स्तर पर मजबूत हो रहा है और अर्थव्यवस्था में भारत दुनिया की तीसरी शक्ति बनकर उभर रहा है। दवा से लेकर रक्षा उत्पादों में देश आत्मनिर्भर हो रहा है।

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज ने सात से 20 अप्रैल तक चलने वाले सामाजिक न्याय पखवाड़ा के तहत शनिवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि दो दिन तीन पहले तक भारत में 184 करोड़ कोविड डोज लगाए जा चुके हैं।



## माल रोड-कैंपटी फाल और और ईको में दिखी खासी रौनक

**संवाददाता** मसूरी। गर्मी से राहत पाने के लिए इन दिनों देशभर के पर्यटक उत्ध्तराखंड का रुख कर रहे हैं। राज्य के लगभग सभी पर्यटन स्ध्थल पर्यटकों से पैक हैं। वहीं लगातार चार दिन की छुट्टी होने की वजह से पर्यटक स्ध्थलों पर आमद जारी है। वहीं यहां लोगों को जाम से भी जूझना पड़ रहा है। पहाड़ों की रानी मसूरी में भी शनिवार को पर्यटक एन्जाय करते दिखे। मसूरी में पर्यटकों की भारी भीड़ दिखाई दी। ईको पार्क धनोल्टी, कैंपटी फाल और माल रोड सहित अन्ध्य स्ध्थलों लोग मजे करते दिखाई दिए। वहीं अभी भी पर्यटकों का आना जारी है। जिस वहज से यहां लाइब्रेरी चौक पर जाम लगने का सिलसिला दिनभर जारी रहा।

# अब निजी अस्पतालों के चक्कर काटने से बचेंगे ग्रामीण

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद में लंबे इंतजारी के बाद अब सिटी स्कैन मशीन से जांचें होना शुरू हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक सीमांत जनपद के बेस अस्पताल में बीते साल अगस्त 2021 में सिटी स्कैन मशीन की यूनिट स्थापित की गई। वहीं साल 2022 के अप्रैल प्रथम सप्ताह में बेस अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन से जांचें होनी फिलहाल ध्ारातल पर शुरू हो चुकी है।

बेस अस्पताल प्रबंधन व जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डांक्टर हयांकी से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में अब तक नौ से अधिक लोग सिटी स्कैन मशीन से जांचें करा चुके है। जिले के बेस हास्पिटल में लगी इस सिटी

### इंतजारी के बाद बेस हास्पिटल में सिटी स्कैन मशीन से होने लगे है इलाज

स्कैन मशीन का अब आम आदमी को असानी से लाभ मिल पायेगा। इससे पूर्व में खासा धनराशि खर्च करने के बाद भी लोगों को सिटी स्कैन कराने के लिए निजी अस्पतालों के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा था।

वही अब जिले व जिले के आसापास की सीमांत तहसीलों के लोगों को इसका खासा लाभ आसानी से मिल सकेगा। वर्तमान यहां पर सिर व शरीर के अन्य हिस्सों का सिटी स्कैन सरकारी दरों पर किया जा रहा है। सिटी स्कैन स्पेश्लिस्ट रश्मि पांडे और कंचन चंद द्वारा बेस अस्पताल में वर्तमान में सिटी स्कैन में मरीजों की जांच करने की जिम्मेदारी निभाई जा रही है।

सिर के सिटी स्कैन के लिए वर्तमान में दो हजार दो सौ पिचासी व शरीर के अन्य हिस्सों की जांच के लिए तीन हजार चार सौ चौबीस चार्ज रखा गया है। जबकि निजी अस्पतालों में इससे पूर्व पांच से आठ हजार तक की मनमानी कीमत मरीजों को चुकानी पडती थी। वही जिले के बेस अस्पताल में सिटी स्कैन मशीनके लगने से अब आदमी को निजी अस्पताल के भरोसे नही रहना पड़ेगा। सीमांत जनपद में कुछ हद तक अब स्वास्थ सेवा की जांचों के लिए मशीनरी इलाज कम खर्चे व तय समय पर मिलने से जिले के लोगों को मजबूरी में इधर उधर चक्कर काटने से निजात आसानी से मिल सकेगा।

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा में महिलाएं भी होंगी शामिल

**संवाददाता** रुड़की। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली शोभायात्रा के आयोजन पर विचार–विमर्श किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा 15 मई को धूमधाम से निकाली जाएगी। इस साल ब्राह्मण समाज की महिलाएं भी शोभायात्रा में शामिल होंगी। वहीं शोभायात्रा में शामिल झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ब्राह्मण समाज की शनिवार को साकेत कालोनी में बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारतीय ब्राह्मण समाज के संरक्षक जेपी शर्मा ने कहा कि रुड़की में पिछले कई वर्षों से ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में उनकी शोभायात्रा का आयोजन करता आ रहा है। बताया कि 15 मई को बैंड–बाजों के साथ शोभायात्रा दुर्गा चौक मंदिर से शुरू होकर आर्य कन्या कालेज, नगर निगम पुल, अनाज मंडी, पुरानी तहसील, सब्जी मंडी चौक से होते हुए बीटीगंज बाजार पहुंचेगी। यहां शोभायात्रा का भव्य समापन कार्यक्रम होगा।